**दरभंगा शहरी पेयजलापूर्ति योजना फेज–1 एवं फेज–2 अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु मुख्य अभियंता (रूपांकण) के कार्यालय कक्ष में दिनांक–27 मई, 2015 को संवेदक के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति– संलग्न परिशिष्ट–'क'।

1. दरभंगा शहरी जलापूर्ति योजना (फेज–1) :–

यह योजना 4 जोन में बंटी है। संवेदक प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के आधार पर जोन वार अवशेष कार्यों कि अद्यतन स्थिति निम्नवत् है:–

- जोन–7 (लक्ष्मीसागर एरिया) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 265 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 25 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।
- जोन–6 (रायसाहेब पोखर एरिया) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 1806 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 20 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।
- जोन–2 (लालबाग एरिया) :– इस जोन अंतर्गत प्रावधानित सभी कार्य पूर्ण है।
- जोन–4 (वकारगंज एरिया–पार्ट) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 1129 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 73 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त सभी जोनों में चाहरदीवारी एवं पहूँच पथ का निर्माण कार्य अभी तक संवेदक द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है।

- इस योजना के कार्यान्वयन हेतु संवेदक मेसर्स किलोस्कर ब्रदर्स लि0 द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा के साथ दि0–12.04.10 को एकरारनामा किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 12 माह है।
- मुख्य अभियंता (रूपांकण) द्वारा लगभग 60 माह बाद भी योजना पूर्ण नहीं करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। यह अत्यन्त ही खेदजनक है कि 5 वर्ष के बाद भी योजना पूर्ण नहीं की गई है एवं लोगो को इसके कारण जलापूर्ति की कठिनाई हो रही है। संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया है कि जोन–7 अंतर्गत अवशेष कार्य 10 जून, 2015 तक, जोन–6 एवं जोन–4 अंतर्गत अवशेष कार्य 20 जून, 2015 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर ली जाय। जिस पर संवेदक प्रतिनिधि द्वारा सहमति व्यक्त की गई। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में पाईन बिछाने हेतु तीन गैंग कार्यरत है, जिसकी संख्या बढ़ाकर कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जायगा। मुख्य अभियंता (रूपांकण) द्वारा संवेदक प्रतिनिधि को यह भी निदेश दिया गया कि चुंकि उच्च प्रवाही नलकूप का निर्माण कार्य काफी पहले हुआ है। अतः जलापूर्ति का ट्रायल–रन प्रारंभ करने के पूर्व इसका डेवलपमेंट करा लिया जाय, ताकि समेकित रूप से योजना से जलापूर्ति जून, 2015 में प्रारंभ किया जा सके।

(कार्रवाई–संवेदक / कार्यपालक अभियंता, दरभंगा)

Nagar vikash Proceeding

2. **दरभंगा शहरी जलापूर्ति योजना (फेज–2) :–**

यह योजना 4 जोन में बंटी है। संवेदक प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के आधार पर जोन वार अवशेष कार्यों कि अद्यतन स्थिति निम्नवत् है:–

- जोन–1 (सुन्दरपुर एरिया) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 6205 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 95 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।
- जोन–2 (लालबाग एरिया–पार्ट) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 4233 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 105 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।
- जोन–4 (रहमान गंज एवं वकारगंज एरिया–पार्ट):– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 2810 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 120 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।
- जोन–5 (लहेरिया सराय एरिया) :– इस जोन अंतर्गत विभिन्न आकार के 10457 मी0 सी0आई0 पाईप बिछाने का कार्य एवं 100 अदद स्टैण्ड पोस्ट निर्माण का कार्य बाकी है।

  इसके अतिरिक्त उपर्युक्त सभी जोनों में चाहरदीवारी एवं पहूँच पथ का निर्माण कार्य अभी तक संवेदक द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है।

- इस योजना के कार्यान्वयन हेतु संवेदक मेसर्स किलोस्कर ब्रदर्स लि0 द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा के साथ दि0–12.04.10 को एकरारनामा किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 12 माह है। पाँच वर्षों के बाद भी योजना पूर्ण नहीं की गई है। यह अत्यन्त ही खेद जनक है।
- मुख्य अभियंता (रूपांकण) द्वारा लगभग 60 माह बाद भी योजना पूर्ण नहीं करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया है कि इस फेज अंतर्गत सभी अवशेष कार्य 31 अगस्त, 2015 तक पूर्ण कर ली जाय। इस हेतु नया वर्क सिड्यूल तैयार कर इसके आधार पर पाईन बिछाने हेतु आवश्यक गैंग को लगाया जाय, जिससे कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जायगा। इस पर संवेदक प्रतिनिधि द्वारा सहमति व्यक्त की गई। मुख्य अभियंता (रूपांकण) द्वारा संवेदक प्रतिनिधि को यह भी निदेश दिया गया कि चुंकि उच्च प्रवाही नलकूप का निर्माण कार्य काफी पहले हुआ है। अतः जलापूर्ति का ट्रायल–रन प्रारंभ करने के पूर्व इसका डेवलपमेंट करा लिया जाय।

(कार्रवाई–संवेदक / कार्यपालक अभियंता, दरभंगा)

- संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया कि बैठक में हुई वार्तो के क्रम में फेज–2 के शेष बचे कार्य को पूर्ण करने हेतु बार–चार्ट समर्पित की जाय एवं निर्माण गैंग की संख्या निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यकतानुसार बढ़ाई जाय तथा कार्यों कि प्रगति का दैनिक अनुश्रवण किया जाय, क्योंकि योजना को पूर्ण करने हेतु अब किसी तरह कि संवेदक स्तर पर शिथिलता वांछनीय नहीं होगा।

(कार्रवाई–संवेदक / कार्यपालक अभियंता, दरभंगा)

- संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा की गई पाईपों की आपूर्ति हेतु देय Excalation का भुगतान नहीं हुआ है। इस आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा नियमानुसार शीघ्र भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

(कार्रवाई– कार्यपालक अभियंता, दरभंगा)

(डी० पी० सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–7/अ०-1-108/10 – 468 दिनांक– 8/6/2015

प्रतिलिपि–

1. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। (ई–मेल द्वारा)

2. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   निदेशित किया जाता है कि योजना का अपने स्तर पर गहन मोनिटरिंग करेंगे तथा ससमय कार्य कराना सुनिश्चि करेंगे।

4. कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्य कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   निदेशित किया जाता है कि दैनिक तौर पर कार्यों के प्रगति का मोनिटरिंग करेंगे तथा कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करायेगे। साथ ही सप्ताहित प्रगति प्रतिवेदन अधीक्षण अभियंता, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चिम करेंगे।

5. विशेष पदाधिकारी / कार्यपालक अभियंता (मो० / मू०) / आई० टी० मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   आई०टी० मैनेजर को निदेश है कि कार्यवाही की प्रति को विभागीय वेव–साईट पर अपलोड करें।

(डी० पी० सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक– 7/अ०-1-108/10– 468 दिनांक– 8/6/2015

प्रतिलिपि– M/s Kirloskar Brothers Ltd, "YAMUNA" Survay No. 98/3 to 7, Baner, Pune- 411045 (India), E mail ID: umesh.ulavi@kbl.co.in, suman.chakraborty@ kbl.co.in को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। (~~स्पीड पोस्ट~~ / ई–मेल द्वारा)

(डी० पी० सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)